# आदेश

राजकीय रेलवे पुलिस उ0प्र0, लखनऊ में विद्यमान रिक्तियों की पूर्ति हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक, अलीगढ परिक्षेत्र अलीगढ द्वारा उपलब्ध कराये गये नामांकन के आधार पर निम्नलिखित पुलिस कर्मियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित नियुक्ति स्थान से 03 वर्ष के लिये जनहित में राजकीय रेलवे पुलिस मुख्यालय उ0प्र0, लखनऊ में तात्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित किया जाता है। इनकी सामान्यतः नियुक्ति 03 वर्ष के लिये की जा रही है, तथा आगमन की तिथि से 03 वर्ष की समाप्ति के उपरान्त राजकीय रेलवे पुलिस में विद्यमान रिक्तियों के दृष्टिगत आगमन के वरिष्ठताक्रम में इन पुलिस कर्मियों को अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे उ0प्र0, लखनऊ द्वारा उनके गहन (मूल) जनपद में वापस किया जायेगा।

यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के कार्यवृत्त संख्याः**एएसपी–(ई–1)–जीआरपी–413/2025 दिनांकः 01.08.2025** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है:–

| क्र0 सं0 | पद | पीएनओ | कर्मी का नाम | गृह जनपद | कहां से | कहाँ को |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | उ0नि0ना0पु0 | 162232149 | लक्ष्मी | मुरादाबाद | AIH | GRP HQ LKW |
| 2 | उ0नि0ना0पु0 | 132910143 | मो0 दानिश | मैनपुरी | AIH | GRP HQ LKW |
| 3 | उ0नि0ना0पु0 | 182025059 | रेनू | फिरोजाबाद | AIH | GRP HQ LKW |
| 4 | उ0नि0ना0पु0 | 182025118 | आशीष कुमार | मुजफ्फरनगर | AIH | GRP HQ LKW |
| 5 | उ0नि0ना0पु0 | 152492281 | कु0 लोकेश | मेरठ | AIH | GRP HQ LKW |

उपरोक्त कर्मियों के नाम के वर्तनी में यदि कोई त्रुटि हो तो उसके पीएनओ के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित कराये यदि पीएनओ के आधार पर नाम में भिन्नता हो तो प्रकरण तत्काल इस मुख्यालय को संदर्भित किया जाये। साथ ही आदेश निर्गत होने की तिथि से 10 दिवस के अन्दर अवश्य कार्यमुक्त कर दिया जाये। विलम्ब से कार्यमुक्त करने के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा कोई विपरीत आदेश पारित किये जाते हैं तो आपके कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

DGP HQRS UP LKW
DG-IV-STHA-(413)/2025/998 DT 01-08-2025

04/08/25

(आर0डी0 चौरसिया)
पुलिस अधीक्षक, प्रशासन
कृते पुलिस उपमहानिरीक्षक,कार्मिक/स्थापना
उ0प्र0 लखनऊ।

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चतुर्थ तल, (द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय,सेक्टर–7, गोमतीनगरविस्तार,उ0प्र0 लखनऊ–226002

संख्याः डीजी–चार–स्था0–413–2025/998 दिनांकःअगस्त 01 , 2025

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1– अपर पुलिस महानिदेशक, राजकीय रेलवे पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ को उपरोक्त सन्दर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त पुलिस कर्मियों के आगमन की सूचना से सर्वसम्बन्धित को अवगत कराने का कष्ट करें। साथ ही उपरोक्त कर्मियों मे से जिन कर्मियों द्वारा जिस जनपद का निर्धारित कार्यकाल पूर्ण कर लिया गया है उन्हे उस जनपद में स्थित जीआरपी अनुभाग में नियुक्त न किया जाये। यदि कोई नीतिगत बाधा हो तो इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

2– अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन आगरा।

3– पुलिस उपमहानिरीक्षक, अलीगढ परिक्षेत्र अलीगढ।

4– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद अलीगढ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उपरोक्त कर्मियो को **10 दिवस के अन्दर** प्रत्येक दशा में राजकीय रेलवे पुलिस हेतु कार्यमुक्त करने का कष्ट करें। यदि उपरोक्त पुलिस कर्मियों में से कोई अन्यत्र जनपद के लिये स्थानान्तरणाधीन है तो उसे जीआरपी हेतु ही कार्यमुक्त किया जायेगा तथा जीआरपी का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरान्त गहन जनपद में वापस आने पर ही स्थानान्तरित जनपद हेतु कार्यमुक्त किया जाय। साथ ही उक्त सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपद को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जाय। यदि कोई नीतिगत बाधा हो तो इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

**संख्या तथा दिनांक वही**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषितः–**

1– पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

2– पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।